झारखण्ड लोक सेवा आयोग
सर्कुलर रोड, राँची।

प्रेस विज्ञप्ति

''बाल विकास परियोजना पदाधिकारी'' के रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति परीक्षा, विज्ञापन संख्या–21/2023 के संबंध में आवश्यक सूचना।

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड अन्तर्गत **''बाल विकास परियोजना पदाधिकारी''** के **कुल–64** रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति हेतु अधियाचित रिक्तियों के आधार पर इच्छुक एवं अर्हत्ताधारी भारतीय नागरिकों से विहित प्रपत्र में ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाने के निमित्त विज्ञापन संख्या–21/2023 का प्रकाशन दिनांक–08.06.2023 को किया गया था। विज्ञापन के विरूद्ध पूर्व निर्गत ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने हेतु निर्धारित तिथि में निम्नवत् संशोधन किये जाते हैं :–

1.	ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की तिथि	दिनांक–27.01.2024, (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक–27.02.2024, (अपराह्न 05:00 बजे) तक
2.	परीक्षा शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि	दिनांक–28.02.2024, (अपराह्न 05:00 बजे) तक

2. "विज्ञापन की कंडिका–16(i) में वर्णित परीक्षा शुल्क जमा करने के संबंध में निम्नवत् संशोधन किया जाता है:–"

परीक्षा शुल्क Credit Card/Debit Card/Net Banking/Wallet/Bharat QR/UPI के माध्यम से Payment Gateway द्वारा लिया जायेगा, जिससे संबंधित सूचना Online Application System में उपलब्ध है।

3. विभाग से प्राप्त पत्रांक–1900, दिनांक–05.07.2023 एवं अधिसूचना संख्या–2516, दिनांक–12.09.2023 के आलोक में विज्ञापन में निम्न संशोधन समझा जाय :–

(क) महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड का पत्रांक–1900, दिनांक–05.07.2023 के आलोक में आदिम जनजाति को न्यूनतम 2 (दो) प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देय होगा।

(ख) झारखण्ड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सेवा संवर्ग (भर्त्ती, प्रोन्नति एवं अन्य सेवाशर्त) (तृतीय संशोधन) नियमावली, 2023 के अधिसूचना संख्या–2516, दिनांक–12.09.2023 के आलोक में लिखित मुख्य परीक्षा का स्वरूप वर्णनात्मक (Descriptive) होगा तथा प्रत्येक पत्र की परीक्षा अवधि 3 (तीन) घंटे की होगी।

(ग) दृष्टिहीन अभ्यर्थियों को प्रत्येक पत्र में प्रति घंटा 20 (बीस) मिनट अतिरिक्त समय देय होगा।

4. अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारंभ करने के पूर्व आयोग के वेबसाईट पर प्रदर्शित विस्तृत विज्ञापन, ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु आवश्यक एवं विस्तृत निर्देश का भली–भाँति अध्ययन कर लेंगे।

5. विज्ञापन से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए आयोग के Help Line No. +919431301636 एवं +919431301419 पर केवल कार्य दिवस में पूर्वाह्न–10:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

6. विज्ञापन की शेष शर्तें यथावत् रहेंगी।

7. यह प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाईट www.jpsc.gov.in पर उपलब्ध है।

ह0/–
परीक्षा नियंत्रक,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।